RAF SECTOR
NEWS CLIP
10/03/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Vikas Darpan,Jaipur,(RAJ)

सीआरपीएफ रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

राजस्थान विकास दर्पण

आमेर/रोहन शर्मा। राजधानी जयपुर के लालवास स्थित सीआरपीएफ रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में अंतरराष्ट्रीय

महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान बटालियन में मेहंदी, रंगोली व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कावा उपाध्यक्ष सपना महला पायल ने बताया कि कई सदियों से महिलाएं अपने अधिकारों के लिए लड़ती आई हैं और आज भी लड़ सही है। आज के पुरुष प्रधान समाज में सदैव महिलाओं को अनदेखा किया जाता है। शायद यही वजह है कि हमें यह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एकत्रित होना पड़ता है। गलती हमारी नहीं है हमारी प्रथा होती है जिनमें समय= पर बदलाव किए जाने चाहिए। भारत देश अपनी परंपराओं के लिए पूरे विश्व में जाना जाता है यदि परंपराओं को सही तरीके से माना जाए तो कभी भी महिला दिवस मनाने की आवश्यकता नहीं पढ़े। पहले के समय में नारी को देवी के रूप में माना जाता था लेकिन आज के समय में नारी को इस तरीके से नहीं देखा जाता है। हमें महिलाओं के लिए कुछ खास करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि महिलाओं को इतना मान सम्मान दिया जाना चाहिए जिसकी वह हकदार होती है चाहे वह किसी की पत्नी हो बहिन हो या माता हो। यदि महिलाओं को बराबर का अधिकार दिया जाए तो महिला दिवस मनाने की आवश्यकता नहीं होगी।

Hindustan,Allahabad,(UP)

फाफामऊ आरएएफ कैंप में महिला दिवस मंगलवार को मनाया गया।

आरएएफ कैंप में महिला दिवस मनाया

फाफामऊ, हिन्दुस्तान संवाद। शांतिपुरम फाफामऊ स्थित 101 बटालियन आरएएफ कैंप में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। मुख्य परिसर स्थित वाहिनी कावा अध्यक्ष प्रीति गौतम ने महिला सशक्तीकरण कर चर्चा करते हुए कैंप की महिला कर्मियों को प्रोत्साहित किया। कहा कि आज के समय में महिला और पुरुष दोनों एक बराबर हैं। हर क्षेत्र में महिला पुरुष के साथ कंधा से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। जब महिला और पुरुष साथ में मिलकर काम करते हैं, तो देश का विकास होता है।

- **कावा अध्यक्ष प्रीति गौतम ने सशक्तीकरण पर विचार रखे**
- **कहा, महिला-पुरुष मिल कर काम करें तो देश का विकास होता है**

Danik Jagran,Bawana,(Delhi)

जहां नारी रहती है वहीं देवताओं का वास होता है : नीति अवस्थी

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली : बवाना सीआरपीएफ कैंप में 194 आरएएफ बटालियन की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान आरएएफ रेंज वन की सीडब्ल्यूए की अध्यक्ष व डीआइजी नीति अवस्थी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। बटालियन की सब इंस्पेक्टर मीना यादव, राजकुमारी, हवलदार मोनालिसा आदि ने हरियाणा, असम समेत विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य, समेत विभिन्न प्रस्तुति देकर सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। महिला दिवस पर निश्शुल्क मेडिकल कैंप भी लगाया गया। डीआइजी नीति अवस्थी ने कहा कि महिलाओं का ड्यूटी पर अलग रूप देखने को मिलता है और घर पर अलग। आज के रंगारंग कार्यक्रमों से यह साफ पता चलता है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। चाहे घर हो या बार्डर महिलाएं दोनों जगह अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा के साथ निभाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं के बिना घर अधूरा रहता है। जहां पर नारी रहती है वहीं पर देवताओं का वास होता है। बटालियन के कमांडेंट राकेश कुमार सिंह की पत्नी शगुन सिंह ने भी महिला दिवस की बधाई दी।यहां आरती गुप्ता, माहिरा तरन्नूम, संपत्ति देवी, गायत्री सिंह, प्राची, सहायक कमांडेंट दव्यंती झाझरिया, काजल शर्मा, दीपिका भौमिक, इंस्पेक्टर मीतू कुमारी, इंस्पेक्टर भागीरथी, इंस्पेक्टर सुजाता मौजूद रही।

डीआइजी नीति अवस्थी • जागरण

Danik Bhaskar,jamshedpur,(JKD)

आरएएफ 106 परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

नरवा .सुंदरनगर स्थित आरएएफ-106 बटालियन परिसर में अधिकारियों की पत्नियों द्वारा विश्व महिला दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अधिकारियों की पत्नियां, महिला बल तथा जवानों की पत्नियां शामिल हुईं . बतौर मुख्य अतिथि आरएएफ की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की पत्नी निर्मला सुधा, टीएमएच अस्पताल की डॉ सुभद्रा चौहान तथा गायनोक्लोजिस्ट की सचिव स्वेता तिवारी ने विश्व महिला दिवस पर अपने-अपने विचार रखे . उन्होंने कहा कि विश्व महिला दिवस समारोह का आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को जाग्रत एवं उनमें आत्म बल की भावनाओं को जागरूक करना है . समारोह में महिला बल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. इसमें शोलो डांस, संथाली डांस, ग्रुप डांस तथा बिहु डांस महिलाओं ने प्रस्तुत की .

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

दिनांक 08/03/2022 को परिवार कल्याण केंद्र 100वीं वाहिनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

INTER RAF BATTALIONS, INTERNATIONAL WOMEN'S DAY CELEBRATION.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।